Raga of the Month May 2024   Raga BahaduriTodi   राग बहादुरीतोड़ी

राग बहादुरीतोड़ी यह एक अप्रचलित राग है। पंडित भातखंडेजीने क्रमिक पुस्तक मालिका भाग ६ में लिखा है की उसके लक्षण उपलब्ध नहीं है। उन्होंने एक बंदिश और स्वरविस्तार दिया है। उस रागमे दोनों रिषभ , गंधार कोमल, तीव्र मध्यम , पंचम, धैवत कोमल और शुद्ध निषाद स्वर लगते है। इस जानकारीसे पता चलेगा की यह स्वरूप प्रचलित राग बहादुरीतोड़ीसे अलग है।

राग तोड़ीके आधारपर बिलासखानी तोड़ी, देसी और कोमल रिषभ आसावरी तथा भैरवीके विशिष्ट स्वर समूहोंको मिलाकर इस रागका स्वरूप बनता है।

स्वर प्रयोग- रिषभ दोनों; गंधार , धैवत और निषाद कोमल, अन्य स्वर शुद्ध; जाति वक्र संपूर्ण ;
धैवत वादी गंधार संवादी ; उत्तरांग प्रधान, गायनसमय दिनका द्वितीय प्रहर.

राग बहादुरीतोड़ीमें प्रयुक्त होनेवाले विशेष स्वरसमूह इस प्रकार हैं।

सा रे ग म, म ग प, प ग रे सा, सा ग रे सा; सा रे ग म, म ग प , म प ग म रे ग सा रे नि़ सा, रे नि़ ध़ सा ;
म ग प, म प ध नि ध प, म प ध ध सां , सां रें रें गं सां, रें सां नि सां ध प, प ग रे सा , सा रे ग रे ग रे सा

आग्रा और जयपुर घरानेमे उपरोक्त स्वरूप के रागका गायन प्रचारमे है।

जयपुर घरानेमे इसी स्वरूपमे थोड़ा बदलाव करके बहादुरीतोड़ीकी दूसरी आवृत्ति गानेकी भी परंपरा है। उसके विशेष इस प्रकार हैं। इस प्रकारमे दोनों रिषभ, दोनों मध्यम और दोनों निषादोंका प्रयोग होता है। मियाँकी तोड़ीकी विशेष स्वर संगतियाँ नि ध नि सां, मं ध नि ध प बीच बीचमे दिखायी जाती हैं। यह राग स्वरूप विदुषी मंजिरी कर्वे आलेगावकर को उनके गुरू कै. पंडित वामनराव देशपांडेजीसे प्राप्त हुआ। उन्हें यह स्वरूप शायद उनके गुरु पै. उस्ताद नत्थनखाँसे प्राप्त हुआ होगा। उस्ताद नत्थनखाँ पै. मरहूम अल्लादियाखाँके भतीजे थे।

आजके ऑडियोमें विदुषी मंजिरी कर्वे आलेगावकरजी से बहादुरीतोड़ी की दूसरी आवृत्तिका अंश सुनेंगे, बादमें हम उस्ताद विलायत हुसैन खाँ द्वारा रचित बंदिश - “सजनकी सावरी सूरत” सुनेंगे जो उस्ताद शराफत हुसेन खाँने गायी है, और अन्तमे में पंडित मल्लिकार्जुन मन्सूरजी से प्रचलित बहादुरीतोड़ी के गायन का अंश सुनेंगे ।

संदर्भ : अभिनव गीतांजली (भाग ४) - पंडित रामाश्रेय झा; हिंदुस्तानी संगीत-पद्धति क्रमिक पुस्तक मालिका (भाग ६); भातखंडे - संगीतशास्त्र - चतुर्थ भाग.

आभार : विदुषी मंजिरी कर्वे आलेगावकर, पंडित यशवंतबुवा महाले

०१-०५-२०२४

Link to the list of 130+ Raga of the month articles

@ Archive of ROTM Articles   - http://oceanofragas.com/Raga_Of_Month_Alphabetically.aspx